**कार्यालय,रक्षा लेखा महानियंत्रक,**

**पालम रोड, दिल्ली छावनी 110010**

सं0 55018/5/81/हि.क./रा.भा.का.स./मु.का./27 दिनांक : 05 अक्तूबर, 2015

**विषय : रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की दिनांक 24.09.2015 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त**

********

इस मुख्यालय कार्यालय की दिनांक **24 सितम्बर**, **2015** को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त जारी कर दिया गया है तथा इसे रक्षा लेखा महानियंत्रक की वैबसाइट **cgda.nic.in** से डाउन लोड कर लिया जाए।

अनुरोध है कि आपके कार्यालय/अनुभाग से संबंधित मदों पर तत्काल कार्रवाई की जाए और की गई कार्रवाई से इस मुख्यालय कार्यालय/हिन्दी कक्ष को अवगत कराने की कृपा करें।

रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक (ले.प.) के अनुमोदन से जारी।

**संलग्नक** : यथोपरि

(दिलीप कुमार)
**सहायक निदेशक(राजभाषा)**

1. सहायक निदेशक(राजभाषा), रक्षा मंत्रालय (वित्त प्रभाग), कमरा न. 128 एवं 130, सेना भवन, नई दिल्ली
2. सभी रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक
3. मुख्यालय कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य
4. मुख्यालय कार्यालय के सभी अनुभाग
5. ईडीपी केन्द्र (स्थानीय) : वैबसाइट पर अपलोड हेतु।

# कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक,
## उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010

**विषय: रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की दिनांक 24 सितम्बर, 2015 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त।**

********

इस मुख्यालय कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 24 सितम्बर, 2015 को श्री मोहिन्दर सिंह, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक (ले.प.) महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती कविता गर्ग, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक (प्रशा.) | सदस्य |
| 2. | श्री संगीत, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा उप महानियंत्रक (प्रशा.) | सदस्य |
| 3. | श्री मुश्ताक अहमद, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक (प्रशिक्षण) | सदस्य |
| 4. | श्री अरविन्द कुमार वानी, रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक (आईटी) | सदस्य |
| 5. | श्री चन्द्रकांत भटजीवाले, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा सहायक महानियंत्रक (ले.प.) | सदस्य |
| 6. | श्री सुन्दर विश्वनाथन, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा सहायक महानियंत्रक (ले.प.) | सदस्य |
| 7. | श्री राम कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (आई.एफ.ए.) | सदस्य |
| 8. | श्री आर. रंगनाथन, वरिष्ठ लेखा अधिकारी(प्रशा.) | सदस्य |
| 9. | श्री राजू प्रसाद, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (ईडीपी) | सदस्य |
| 10 | श्री सुभाष चन्द गुप्ता, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा.) | सदस्य |
| 11 | श्री संजीव जे बजाज, लेखा अधिकारी (प्रशा.) | सदस्य |
| 12 | श्री प्रवीण कुमार वोहरा, लेखा अधिकारी (प्रशा.) | सदस्य |
| 13 | श्री दिलीप कुमार, सहायक निदेशक(राजभाषा) | सदस्य सचिव |

अन्य उपस्थित:

1. श्री पंकज दलाल, कनिष्ठ अनुवादक
2. श्रीमती बीना कुमारी, वरिष्ठ लेखापरीक्षक
3. श्री रवि कुमार, कनिष्ठ अनुवादक
4. श्री संदीप बोस, कनिष्ठ अनुवादक

वरिष्ठ उप महानियंत्रक श्रीमती कविता गर्ग, वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक श्री मुश्ताक अहमद, सहायक महानियंत्रक श्री सुन्दर विश्वनाथन तथा लेखा अधिकारी श्री संजीव जे बजाज का नए सदस्य के रुप में समिति से परिचय कराने के उपरान्त बैठक की कार्यवाही शुरु की गई:-

**मद सं.:1** **दिनांक 26 जून, 2015 को आयोजित बैठक के कार्यवृत की पुष्टि:**

समिति को सूचित किया गया कि पिछली बैठक के कार्यवृत्त दिनांक 09 जुलाई, 2015 के पत्र सं. 55018/5/81/हि.क./रा.भा.का.स./मु.का./26 के अधीन सभी संबंधितों की जानकारी एवं यथाअपेक्षित कार्रवाई हेतु रक्षा लेखा महानियंत्रक की वैबसाइट पर अपलोड कर दिए गए थे । किसी भी सदस्य से कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त नहीं हुए, अत: समिति द्वारा सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि कर दी गई।

**मद सं.:2 पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कार्रवाई :**

(1) रिपोर्ट-रिटर्न संबंधी प्रपत्र अथवा उनके अग्रेषण पत्र, दावों एवं परिपत्रों/आदेशों के अग्रेषण पत्र हिंदी में जारी करना :

समिति में इस मद पर चर्चा की गई । समिति की राय थी कि यह एक महत्वपूर्ण मद है इसका अनुपालन कर हिन्दी पत्राचार में वृद्धि की जा सकती है । हिन्दी कक्ष को इस मद के अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु निगरानी करने को कहा गया ।

**(कार्रवाई : सभी रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/र लेखा नियंत्रक/हिंदी कक्ष/सभी अनुभाग(स्थानीय))**

(2) रक्षा लेखा विभाग में हिंदी भाषा/हिंदी टंकण की स्थिति :

पूर्व में सभी प्रधान नियंत्रक/नियंत्रक कार्यालयों को पत्र लिखा गया था कि संगठन में हिंदी भाषा एवं हिंदी टंकण प्रशिक्षण के लिए शेष अधिकारियों/कर्मचारियों को 2015 तक यथा अपेक्षित प्रशिक्षण दिला दिया जाए। सदस्य सचिव द्वारा समिति को सूचित किया गया कि प्रशिक्षण व्यवस्था 2025 तक बढ़ा दी गई है। तथापि समिति की राय है कि जिन अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाना है उन्हें यथा अपेक्षित प्रशिक्षण समय-समय पर दिया जाता रहे।

**(कार्रवाई : सभी प्रधान नियंत्रक एवं नियंत्रक कार्यालय/हिंदी कक्ष)**

(3) रक्षा लेखा विभाग की वैबसाइटों का द्विभाषीकरण :

वैबसाइटों को द्विभाषी एवं उनको अद्यतन रखने के संबंध में संबंधित प्रधान नियंत्रक/नियंत्रक कार्यालयों को पत्र लिखा गया था। प्राप्त सूचना के अनुसार अभी दो कार्यालयों, रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक(अफसर), पुणे तथा रक्षा लेखा नियंत्रक, जबलपुर की वैबसाइटों को छोड़कर सभी वैबसाइटें द्विभाषी हैं। प्रधान नियंत्रक(नौसेना) की वैबसाइट स्पष्ट रुप से दिखाई नहीं दे रही है।

वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक(आई टी) श्री अरविन्द कुमार वानी द्वारा सूचित किया गया कि उक्त दोनों कार्यालयों की वैबसाइटों के साथ-साथ प्रधान नियंत्रक (नौसेना) मुंबई की वैबसाइट का निर्माण भी फिर से किया जा रहा है इस कारण उनकी वैबसाइटें अभी द्विभाषी नहीं है।

महानियंत्रक कार्यालय की वैबसाइट के "**लेटेस्ट न्यूज**" के सभी शीर्षकों का हिंदी अनुवाद किया गया था। महानियंत्रक कार्यालय की वैबसाइट का पुनर्निमाण किया गया है अतः हिन्दी वैबसाइट को अद्यतन करने का कार्य किया जा रहा है।

**(कार्रवाई : सभी प्रधान नियंत्रक एवं नियंत्रक कार्यालय/ईडीपी कक्ष(स्थानीय)/हिंदी कक्ष)**

(4) कार्यालय नियम-पुस्तकों का हिंदी अनुवाद :

समिति को सूचित किया गया कि कार्यालय नियम पुस्तक भाग-I भाग-IV (जिल्द-I से V), भाग-III भाग-VIII तथा सी आई ए नियम पुस्तकों का हिन्दी अनुवाद केन्द्रीय अनुवाद द्वारा संबंधित कार्यालयों को भेज दिया गया है। कार्यालय नियम पुस्तक भाग-VI तथा भाग-II का अनुवाद कार्य प्रगति पर है तथा नियम पुस्तक भाग-IX, X तथा XVI का अनुवाद कार्य अभी शुरु किया जाना है। समिति ने निर्णय लिया कि जिन कार्यालयों की नियम पुस्तकों का अनुवाद हो गया है उनका विभागीय दृष्टि से मिलान और अन्य आवश्यक कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर की जाए और इसके लिए एक समय सीमा निर्धारित कर दी जाय।

**(कार्रवाई : हिंदी कक्ष/संबंधित कार्यालय)**

**मदसं: 3 मार्च, 2015 तथा जून, 2015 की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा :**

सदस्य सचिव ने समिति के समक्ष मार्च, 2015 तथा जून, 2015 की हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्ट के आंकड़े प्रस्तुत किए तथा सूचित किया कि हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा करने पर यह पाया गया कि निम्नलिखित कार्यालयों के हिन्दी पत्राचार में पिछली तिमाही के मुकाबले गिरावट दर्ज की गई है।

| संगठन का का नाम | क क्षेत्र | | ख क्षेत्र | | ग क्षेत्र | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3/15 | 6/15 | 3/15 | 6/15 | 3/15 | 6/15 |
| र.ले.नि (निधि) मेरठ | -- | -- | -- | -- | 68.10 | 65.27 |
| (म.क.) लखनऊ | -- | -- | 86.52 | 73.36 | -- | -- |
| र.ले.नि (वा.से.) न.दि. | -- | -- | 65.85 | 59.45 | -- | -- |
| (नौसेना) मुंबई | -- | -- | -- | -- | 79.45 | 76.07 |
| सीएसडी मुंबई | 93 | 87 | 81 | 78 | 69 | 63 |
| द.क.पुणे | -- | -- | -- | -- | 62.77 | 56.44 |
| र.ले.नि.चेन्नई | 67.2 | 59.2 | 70.9 | 54.5 | -- | -- |

रक्षा लेखा नियंत्रक(सी एस डी ), मुंबई, रक्षा लेखा नियंत्रक, चेन्नई कार्यालयों के हिन्दी पत्राचार में लगातार दूसरी तिमाही में भी गिरावट दर्ज की गई। समिति की राय में हिन्दी पत्राचार में गिरावट चिंता का विषय है। इस संबंध में उपचारी उपाय किए जाने की आवश्यकता है ।

**(कार्रवाई: मुख्यालय कार्यालय के सभी अनुभाग/सभी र.ले.प्र.नि./सभी र.ले.नि./हिंदी कक्ष)**

**मद सं.:4 हिंदी प्रशिक्षण की स्थिति :**

सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया मुख्यालय कार्यालय में 24 आशुलिपिक तथा 14 लिपिक(सीधी भर्ती द्वारा) तैनात हैं जिनमें से 22 आशुलिपिकों तथा 10 लिपिकों को क्रमशः हिंदी आशुलिपि तथा हिंदी टंकण का ज्ञान प्राप्त है। शेष 02 आशुलिपिक 'हिंदी आशुलिपि' का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं एवं प्रशिक्षण के लिए शेष लिपिकों को 'हिंदी टाइपिंग' प्रशिक्षण मुख्यालय में ही प्रदान किया जाएगा और परीक्षा पत्राचार माध्यम से दिलायी जाएगी।

**(कार्रवाई : हिंदी कक्ष)**

**मद संख्या: 5 रक्षा लेखा विभाग में हिंदी पदों की स्थिति**

संवर्ग समीक्षा के उपरांत हिंदी संवर्गीय प्राधिकृत पदों की स्थिति निम्न प्रकार है :

| पदनाम | प्राधिकृत पद |
|---|---|
| हिंदी अधिकारी | 37 |
| वरिष्ठ अनुवादक | 35 |
| कनिष्ठ अनुवादक | 70 |
| हिंदी टंकक | 78 |

(1) तदर्थ (Adhoc)हिंदी अधिकारियों के वरिष्ठ हिंदी अनुवादक पद पर प्रत्यावर्तन(Reversion) के उपरांत हिंदी अधिकारी के 24 पद रिक्त हैं।

(2) वरिष्ठ अनुवादक के 21 पद भरे हुए हैं तथा शेष 14 पदों को पदोन्नति द्वारा शीघ्र भर लिया जाएगा।

(3) कनिष्ठ अनुवादकों के 68 पद भरे हुए हैं।

(4) प्रशासन अनुभाग के प्रतिनिधि द्वारा समिति को सूचित किया गया कि सहायक निदेशक(रा.भा.) के भर्ती नियम अनुमोदनार्थ रक्षा मंत्रालय(वित्त) को भेज दिए गए हैं। अनुमोदन प्राप्त होने के उपरान्त रिक्त पदों को भरने संबंधी कार्रवाई की जाएगी।

**(कार्रवाई: प्रशा.-8,प्रशा-11 अनुभाग, (स्थानीय))**

**मद संख्या:6 <u>रक्षा लेखा विभाग में राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए रक्षा लेखा विभाग के कार्यालयों का निरीक्षण</u>**

वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित 25 % लक्ष्य की प्राप्ति हेतु गत छमाही के दौरान कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक (आईडीएस), नई दिल्ली तथा रक्षा नियंत्रक, गुवाहाटी का राजभाषा संबंधी निरीक्षण किया जा चुका है। कुल 08 कार्यालयों का निरीक्षण किया जाना है। बेंगलूरु, चेन्नई, तथा मुंबई स्थित दो-दो कार्यालयों का निरीक्षण अभी किया जाना शेष है । निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी निरीक्षण कर लिए जाएंगे।

**(कार्रवाई: हिंदी कक्ष एवं संबंधित रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक)**

**मद संख्या:7 संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निरीक्षण :**

संसदीय राजभाषा समिति द्वारा इस वर्ष निम्नलिखित कार्यालयों का निरीक्षण उनके समक्ष दर्शाई गई तारीखों को किया गया :

| क्र.सं. | कार्यालय का नाम | निरीक्षण की तारीख |
|---|---|---|
| 1. | वेतन लेखा कार्यालय(अन्य श्रेणी), मद्रास रेजीमेन्ट केन्द्र, वेलिंगटन | 16.01.2015 |
| 2. | रक्षा लेखा नियंत्रक(वायुसेना), नई दिल्ली | 11.02.2015 |
| 3. | स्थानीय लेखापरीक्षा अधिकारी(सेना), मऊ | 17.02.2015 |
| 4. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक(वा.से.), देहरादून | 21.05.2015 |
| 5. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक(प.क.), चंडीगढ़ | 11.06.2015 |
| 6 | वेतन लेखा कार्यालय(अन्य श्रेणी),जैकलाई, श्रीनगर | 17.06.2015 |
| 7. | वेतन लेखा कार्यालय(अन्य श्रेणी),लद्दाख, स्काउट्स, लेह | 07.09.2015 |

वेतन लेखा कार्यालय(अन्य श्रेणी),जैकलाई, श्रीनगर तथा वेतन लेखा कार्यालय(अन्य श्रेणी),लद्दाख, स्काउट्स, लेह को छोड़कर शेष कार्यालयों के संसदीय राजभाषा समिति द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान कार्यालय प्रमुख द्वारा दिए गए आश्वासनों की सूची प्राप्त हो गई है। अनुवर्ती कार्रवाई हेतु आश्वासनों को संबंधित कार्यालयों को भेज दिया गया है। रक्षा लेखा नियंत्रक(वायुसेना) नई दिल्ली तथा स्थानीय लेखापरीक्षा अधिकारी(सेना) मऊ द्वारा आश्वासनों पर अनुवर्ती कार्रवाई की जा चुकी है।

**(कार्रवाई: हिंदी कक्ष)**

**मद संख्या : 8 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय : हिन्दी पखवाड़े का आयोजन :**

इस वर्ष मुख्यालय में 01 सितम्बर, 2015 से 15 सितम्बर 2015 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए पत्र लेखन प्रतियोगिता, हिंदी निबंध प्रतियोगिता,हिंदी प्रश्नोत्तरी एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कार्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया गया। वार्षिक प्रोत्साहन योजना 2014-15 में भी अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया। दिनांक 15.09.2015 को राजभाषा समारोह का आयोजन किया गया एवं रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक सुश्री शोभना जोशी के कर-कमलों द्वारा विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। हिंदी दिवस के अवसर पर कविता पाठ एवं गीत का भी आयोजन किया गया।

अंत में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद देने के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न हुई।

(दिलीप कुमार)

**सहायक निदेशक (राजभाषा) सह सदस्य सचिव**